जनपद - संतकबीरनगर प्रेस विज्ञप्ति दिनॉक 10.09.2023

आज दिनांक 10.09.2023 को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर श्री अखिल कुमार पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती श्री आर0के0 भारद्वाज के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर श्री सत्यजीत गुप्ता के मार्गदर्शन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में संतकबीरनगर पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य–

अवैध शराब निष्कर्षण, बिक्री के खिलाफ की गई कार्यवाही के अन्तर्गत 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद, 02 अभियुक्त गिरफ्तार

थाना धनघटा पुलिस द्वारा 15 अवैध कच्ची शराब के साथ 02 अभियुक्त नाम पता 1-लालचन्द उर्फ बग्गड़ पुत्र पियारे निवासी नकहा थाना धनघटा, 2- गिरजेश पुत्र प्रकाश निवासी औराडाड़ थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर को क्रमशः 10 लीटर व 05 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर थाना धनघटा पर क्रमशः मु0अ0सं0 612/2023 व 613 / 2023 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण- हे0कां0 प्रदीप सिंह विसेन, हे0कां0 अशोक प्रसाद, कां0 शुभम सिंह, कां0 रघुवंश प्रसाद, कां0 दीपक यादव, कां0 अनिल यादव।

फरार चल रहे वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 01 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर श्री सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना महुली पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त नाम पता राममिलन पुत्र बंशी निवासी कोदवट थाना महुली जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः- उ0नि0 श्री सोमनाथ मिश्रा, कां0 संजय प्रसाद।

पीआरवी आफ द डे

पीआरवी 1495 द्वारा दो पक्षों के विवाद को कराया गया शांत– पीआरवी 1495 को थाना मेहदावल क्षेत्रान्तर्गत बनकटा से इवेन्ट संख्या 03234 से कालर द्वारा किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद / मारपीट के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटनास्थल पर 02 मिनट में पहुँचकर विवाद को शांत कराया गया तथा दोनों पक्षों के व्यक्तियों को विधिक कार्यवाही हेतु थाना मेहदावल जाने का सुझाव दिया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता एवं सूझबूझ से घटनास्थल पर समय से पहुँचकर विवाद को शांत कराकर कोई घटना घटित होने से बचाया गया, जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गई।

पीआरवी स्टाफ – मु0आ0 सौरभ सिंह, आ0 राहुल यादव, हो0चा0 पंकज मिश्रा।

शान्ति भंग (151/107/116 सीआरपीसी) में 01 अभियुक्त गिरफ्तार

•थाना बेलहरकला पुलिस द्वारा 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 01 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 61 वाहनों से 81,000 रु0 सम्मन शुल्क का चालान किया गया

आज दिनांक 10.09.2023 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 61 वाहनों से 81,000 रु0 सम्मन शुल्क का चालान किया।